सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्रमाँक / गोपनीय / 2026 / 3005 दिनांक : 05/03/26

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बध्द महाविद्यालय,
सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन

विषयः– ***स्नातक स्तर की वार्षिक प्रणाली की प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतर्थ वर्ष परीक्षा,मार्च–अप्रैल, 2026 की प्रायोगिक / प्रोजेक्ट / इंटर्नशिप / इलेक्टिव / वोकेशनल परीक्षाऐं सम्पन्न कराने जाने के संबंध में ।***

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय में निर्देशानुसार सूचनार्थ है कि स्नातक स्तर की वार्षिक प्रणाली प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की सैद्धांतिक परीक्षाऐं मार्च– अप्रैल, 2026 से आयोजित की जा रही है । महाविद्यालय में स्नातक स्तर (बी.ए., बी.कॉम, बी.एस.सी., बी.एच.एस.सी., बी.बी.ए., बी.सी.ए.) की प्रायोगिक / प्रोजेक्ट परीक्षाऐं सैद्धांतिक परीक्षाओं के पूर्व संपन्न करवाकर प्राप्तांकों को प्रायोगिक परीक्षा समाप्ति के तत्काल पश्चात् एम.पी. ऑनलाईन पर विधिवत् अंकित कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें । अंकों की ऑन लाईन प्रविष्टि आवश्यक है । **अंकों को ऑन लाईन प्रेषित करने हेतु लिंक सैद्धांतिक परीक्षा समाप्ति के बाद 03 दिवस तक ओपन रहेगी । अन्य प्रकार से प्राप्त अंकों पर विचार नहीं किया जायेगा ।**

नोटः– (1) ऑन लाईन अंकों की प्रविष्टि समय पर नहीं करने पर प्रति छात्र रूपये 500 / – का जुर्माना भरने पर ही उनका परिणाम घोषित किया जायेगा ।

(2) विश्वविद्यालय द्वारा पिछले वर्ष नियुक्त परीक्षकों से ही परीक्षा संपन्न करायी जाये ।

(3) अगर छात्र सीसीई / प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित है तो NA के स्थान पर ABS अंकित करें ।

नोटः– पिछले वर्ष नियुक्त किये गये बाह्य परीक्षकों से *प्रायोगिक / प्रोजेक्ट /* इंटर्नशिप / इलेक्टिव / वोकेशनल परीक्षा संपन्न करवायें।

आदेशानुसार
परीक्षा नियंत्रक
दिनांक– 05/03/26

क्रमाँक / गोपनीय / 2026 / 3006

प्रतिलिपि–

1. माननीय कुलगुरू एवं कुलसचिवजी के निज सहायक की ओर सूचनार्थ ।
2. सहायक कुलसचिव, परीक्षा विभाग, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. ऑनलाईन प्रभारी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर प्रायोगिक परीक्षा के अंक प्रविष्ठी हेतु लिंक ओपन करने हेतु सुचनार्थ प्रेषित ।
4. प्रभारी, कम्प्युटर सेंटर, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त सूचना को वि0वि0 की बेवसाईड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)